**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2024 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।**

| | | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 5 | (क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों में स्थित मां शाकुंभरी सिद्ध पीठ करोड़ो श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है जहां देशभर से यात्री दर्शन करने के लिए उचित बस सेवा न होने के कारण सड़क एव रेल मार्ग से आते है ? | जनपद-सहारनपुर से शिवालिक पहाड़ियों में स्थित मां शाकुम्भरी देवी सिद्ध पीठ तक का मार्ग अराष्ट्रीयकृत है, जिस पर निजी बसों का निरन्तर संचालन है। परिवहन निगम द्वारा विशेष परमिटों के आधार पर 06 बस सेवाओं का दैनिक रूप से निरंतर संचालन किया जाता है। इसके अतिरिक्त कई श्रद्धालु अपनी सुविधानुसार सड़क एवं रेल मार्ग से भी आते है। |
| | (ख) | जनपद-सहारनपुर एवं अन्य जनपदों से शाकुंभरी देवी के लिए राज्य परिवहन की बस सेवा बहुत कम है? | वर्तमान में सहारनपुर क्षेत्र सहारनपुर नगर से 02 बस सेवायें, छुटमलपुर नगर से 02 बस सेवायें तथा मुजफ्फरनगर जनपद से 02 बस सेवायें नियमित एवं समयबद्ध रूप से संचालित होती है। |
| | (ग) | क्या सहारनपुर शाकुंभरी देवी मार्ग पर राज्य परिवहन की बसों की संख्या या फेरा बढ़वायेंगे ? | जी हॉ।<br>श्रद्धालुओं की संख्या एवं आवश्यकता के दृष्टिगत सहारनपुर क्षेत्र द्वारा 03 अन्य बस सेवाओं के अतिरिक्त फेरे बढ़ाकर संचालन कराये जाने हेतु आवश्यक परिमिटों के लेने की प्रक्रिया गतिशील है। |
| | (घ) | यदि हॉ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहनविभाग।